Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

Year-15 Issue- 11
Ghaziabad, Sunday, 13 August- 2023

13 August to 19 August- 2023

Page: 8

Postal Registration No: UP/GZB- 80/2016-18
RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code: 101473
Editor: Dheeraj Kumar
Mob.: 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 7



## TIRUPATI EYE

### पंजाब के किसान सबसे ज्यादा कर्जदार

**गाजियाबाद।** यूपी या बिहार नहीं, बल्कि पंजाब के किसान इस वक़्त भारी कर्ज में डूबे हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक शेष राज्यों के मुकाबले पंजाब में प्रति किसान औसत कर्ज सबसे ज्यादा है। कर्ज के मामले में यह सूबा पहले नंबर पर है। ये आंकड़ें चौंकाने वाले हैं कि पंजाब में प्रति किसान औसत कर्ज 2.95 लाख रुपए है, जो कृषि से हो रही आय से बहुत कम है। नाबार्ड के ताजा आंकड़ों के मुताबिक पंजाब के 24.92 फीसदी किसानों ने कमर्शियल, को-ऑपरेटिव और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से 73673.62 करोड़ रुपए का कर्ज लिया हुआ है। संसद में वित्त मंत्रालय ने एक सवाल के जवाब में खुलासा किया है कि पंजाब के सरकारी और गैर सरकारी बैंकों से 21.42 लाख खाताधारक किसानों ने 64694.03 करोड़ रुपए का कर्ज लिया हुआ है जबकि सहकारी बैंकों से 50635 किसानों ने 1130.13 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है। ग्रामीण बैंकों से 2.99 लाख किसान खाताधारकों ने 7849.46 करोड रुपए का कर्ज लिया हुआ है। आढ़तियों अथवा साहूकारों के कर्ज को मिला लें तो यह कर्ज एक लाख करोड़ के करीब हो जाता है। हरियाणा में औसत प्रति किसान कर्ज 2.11 लाख रुपए है। यही कर्ज गुजरात में 2.28 लाख रुपए है।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# रहम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव के पिताजी की आठवीं पुण्यतिथि पर भोजन और फलों का किया वितरण

















**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड के सदस्यों ने रहम फाउंडेशन और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति के सहयोग से कई स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को खाने के पैकेट्स और फलों का वितरण किया गया।

आरएचएएम यानि रहम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव के पिताजी स्व. श्री जय किशन भार्गव जी की आठवीं पुण्यतिथि पर तीन अलग-अलग जगहों पर खाने के पैकेट्स और फलों का वितरण किया गया। सेक्टर-12 की फ्रेंड्स सोसाइटी के सामने आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों को छोले-भटूरे और फल बांटे गए। मुख्य अतिथि रोटेरियन रवि बाली ने

डॉ. धीरज कुमार भार्गव व उनके परिवार के सदस्यों के साथ स्व. श्री जय किशन भार्गव जी की स्मृति में राह चलते लोगों को छोले भटूरे के पैकेट्स और फल दिए।

मुख्य अतिथि रोटेरियन रवि बाली ने भार्गव परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह परिवार गरीब लोगों की सेवा करने में हमेशा आगे रहता है। कोई भी अवसर हो, यह परिवार गरीब और वंचित लोगों की हर प्रकार से सेवा करता है।

डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि बाबूजी की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर हर साल जरूरतमंदों खाने के पैकेट्स और अन्य सामान दिए जाते हैं। समाजसेवी स्व. जय किशन भार्गव ने अपने पूरे जीवन में गरीब और वंचित लोगों की भलाई के लिए कार्य किए। जब भी किसी को कोई समस्या आती थी या मदद की आवश्यकता पड़ती थी, बाबूजी हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर रहम फाउंडेशन आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों को हर संभव मदद करता है।

इस मौके पर स्व. जयकिश भार्गव के पुत्र डॉ. धीरज कुमार भार्गव, पुत्रवधू मनीषा भार्गव, पुत्र नीरज भार्गव पुत्रवधू विजया भार्गव, पौत्र प्रतीक भार्गव, पौत्र वधू कोमल जैन भार्गव, पौत्री कुनिका भार्गव पसारी, कुनिका भार्गव के पति श्रेय पसारी, पौत्र अंश भार्गव, पौत्री तान्या भार्गव ने स्व. जय किशन भार्गव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड ने रहम फाउंडेशन के सहयोग से कुष्ठ आश्रम और झुग्गियों में बांटे खाने के पैकेट्स

















टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड के सदस्यों ने रहम फाउंडेशन और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति के सहयोग से कई स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को खाने के पैकेट्स और फलों का वितरण किया गया। हिंडन नदी के किनारे स्थित कुष्ठ आश्रम में मरीजों व अन्य लोंगों खाने के पैकेट्स बांटे। आश्रम में रहने वाले बड़ी संख्या में मरीजों के अलावा अन्य लोगों ने भी खाने के पैकेट्स लिए। खाने के पैकेट्स लेने के बाद मरीजों ने सदस्यों का आभार जताया। मुख्य अतिथि रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3012 की डीजी 2025-26 डॉ. अमिता मोहिंद्रू, एकेएस ने अपने हाथों से कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों को खाने के पैकेट्स बांटे। खाने के पैकेट्स में गरमागरम छोटे भटूरे थे।

खाने के पैकेट्स मिलते ही लोगों के चेहरे खिल गए। स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर रोटेरियन रवि बाली ने भी अपने हाथों से छोटे-छोटे बच्चों को खाने के पैकेट्स दिए। गेस्ट ऑफ ऑनर रोटेरियन नरेश ढींगरा, रोटेरियन संदीप मिगलानी ने भी लोगों को खाने के पैकेट्स दिए। रहम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से कुष्ठ रोगियों को हर संभव मदद की जाती है। कुष्ठ रोगियों को मुख्य धारा में जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्हें मदद कर उनके चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे आनंद की अनुभूति होती है। यह अनुभूति उस वक्त दो गुनी हो जाती है जब गरीबों के चेहरों पर खुशी की झलक दिखाई देती है। रहम फाउंडेशन की ओर से सामाजिक दायित्व के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की हर संभव मदद की जाती है। स्कूलों में बच्चों की सहायता के साथ चिकित्सा की व्यवस्था व दवा आदि भी दी जाती है। इस मौके पर रहम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव, सचिव रोटेरियन दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रोटेरियन मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष कोमल जैन भार्गव और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट के अध्यक्ष यतिंदर कालरा भी उपस्थित थे।

# गाजियाबाद जिला कारागार कौशल विकास योजना शुरू, बंदियों को बांटी गई किताबें





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** जिला कारागार में कौशल विकास मिशन योजना का शुभारंभ किया गया। सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को योजना का उदघाटन किया। उन्होंने बताया कि जिले में शत प्रतिशत पंजीकरण का काम पूरा कर लिया गया है। कौशल विकास मिशन गाजियाबाद के तहत डासना स्थित जिला कारागार में चलाए जा रहे प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य उददेश्य कारागार के बंदियों के कौशल को देखकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है। मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बंदियों को पाठ्य सामग्री वितरण किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत जनपद ने लक्ष्य का शत-प्रतिशत पंजीकरण पूर्ण कर लिया है। जनपद की तीन संस्थाओं, जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट फॉर टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, एग्रीकल्चर अकादमी प्राइवेट लिमिटेड एवं इंदिरा मेमोरियल एजुकेशनल सोसायटी की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका लाभ अभ्यर्थियों को मिलेगा।

**गाइडलाइन के अनुसार किया गया चयन**

कारागार अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि जिला कारागार में बंदियों को प्रशिक्षण देने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं कारागार विभाग के साथ एमओयू साइन किया गया था। नागरिकों को समाज में निषेध गतिविधियों से दूर रखने के लिए अभ्यर्थियों का चयन मिशन निदेशालय की गाइडलाइन के अनुसार किया गया है।

# छात्रा की सुसाइड के बाद गाजियाबाद में स्कूल बंद का विरोध, पेरेंट्स ने योगी को लिखा पत्र




**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** आजमगढ़ में एक स्कूली छात्रा की स्कूल की तीसरी मंजिल से कूदकर सुसाइड के मामले स्कूल प्रिंसिपल और टीचर की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को गाजियाबाद के सभी प्राइवेट स्कूल बंद रखे गए। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल और गाजियाबाद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के आह्वान पर गाजियाबाद के अधिकांश निजी स्कूल बंद रहे। हालांकि गाजियाबाद में स्कूलों को बंद रखने के फैसले को गाजियाबाद पेरेंट्स एशोशियेशन ने गलत बताया हैं और फैसले का विरोध किया हैं।

पेरेंट्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखा हैं। जीपीए के अनुसार स्कूल एसोसिएशन और स्कूल फेडरेशन द्वारा अपना वर्चस्व और शक्ति प्रदर्शन शासन, प्रशासन एवं पुलिस पर और जांच प्रक्रिया पर दबाव बनाने के तहत यह बंद का फैसला किया गया।

इससे लगता है कि स्कूल एसोसिएशन बच्ची की मौत की घटना के दोषियों को बचाने में जुटी हुई है और न्याय प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करना चाहते हैं, जोकि न्याय पूर्ण नहीं है।

इसलिए स्कूलों को बंद रखने पर रोक लगाकर इस पर कार्रवाई की जाए और बच्ची की मौत के दोषियों पर भी सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।




Admission Open for Session 2024-25 I Classes Pre- Nursery, Nursery, K.G. I & II

Under the aegis of Gurukul Education Society running Gurukul-The School NH-24, Ghaziabad with

Saviours Green School Award | BRITISH COUNCIL INTERNATIONAL SCHOOL AWARD 2015-2018 | International Exchange Programme With Germany USA Poland China UK Indonesia | Ranked amongst top 10 schools of Ghaziabad by Times of India, Hindustan Times, Education World for 2012, 2013, 2014 & 2015. | Outstanding Award by Tony Blair Faith Foundation, U.K. | parakh Award for Best Infrastructure & Facility provided to students, parents & visitors

Plot No.EF - 7 & 8/E, Crossing Republik, Ghaziabad I Mob: 9599596098, 9205272091 I www.gurukultheschool.com

# Editorial

## SC verdict on Rahul Gandhi

The last week had a significant political development as the Supreme Court stayed the conviction of Rahul Gandhi by a Surat court on statement made on Modi. A matter which should have been sorted out in the courts below was escalated all the way to the Supreme Court, which by staying the disqualification, gave Gandhi a respite.

The verdict has the potential to redefine the boundaries of political discourse in India; it could either pave the way for unrestrained political rhetoric or push for more accountability amongst political leaders. The future course of action remains to be seen. From a broader perspective, this case could significantly affect the nature of political discourse in the country.

The Supreme Court's decision to stay his disqualification might imply that the judiciary is careful not to stifle free speech. It is indeed a delicate balance between ensuring accountability and preserving freedom of speech.

The court, by granting the stay, has challenged politicians to tread this fine line responsibly. The implications of this decision could reverberate throughout the country, prompting politicians to exercise caution in their public statements and debates. While the Supreme Court's stay has provided temporary relief for Rahul Gandhi, the final verdict in the defamation case still hangs in the balance in Gujarat. As spectators, we can only wait, watch, and hope that the final outcome reinforces the principles of justice, fairness, and responsibility in the political arena.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# Mission Uttam Pradesh to gain momentum with Independence Day celebrations

The Yogi government is all set to organize programmes on a large scale on the occasion of Independence Day, giving its Mission Uttam Pradesh momentum. With the ongoing nationwide celebration of the Independence Day Amrit Mahotsav, Uttar Pradesh is gearing up to actively participate by hosting the central government's expansive 'Meri Mati, Mera Desh' and 'Har Ghar Tiranga' initiatives.

As per Chief Minister Yogi's vision, the Independence Day programs commenced from 9th August. The magnitude of this event can be gauged by the extensive reach it aims to achieve. With participation spanning across villages, gram panchayats, municipal bodies, blocks, cantonments, councils, government offices, schools, colleges, corporations, and industrial and commercial establishments throughout the state, the scale of the event is truly vast.

Chief Secretary Durga Shankar Mishra issued comprehensive instructions to all government departments across different levels. These directives are intended to foster seamless coordination and efficient execution of the initiative. Furthermore, all government departments have received instructions to upload pertinent selfies on the official Government of India website, merimaatimeradesh.gov.in. This step aimed to encourage active participation and engagement in the initiative. The detailed action plan and instructions have already been given by the Chief Secretary regarding how



this event is to be held. The implementation of the 'Panch Prana' during the Amrit Kaal is poised to transform the landscape of the nation. In accordance with the Central Government's 'Panch Pran' concept, a total of five key objectives have been established as vital life forces. The 'Panch Pran' concept embodies key aims: achieving a developed India, eradicating all forms of bondage, embracing our heritage with pride, fostering unity and solidarity, and nurturing citizens' sense of duty.

This oath aims to instil a sense of independence in every citizen and ignite a drive to accelerate the nation's progress. A standardized oath format has been released for administration throughout the state. It's important to highlight that this 75-week program, commemorating the 75th year of independence, is slated to culminate on August 29-30, 2023, on New Delhi's Rajpath.

## Noida airport run away to be ready by this year

UP Chief Minister Yogi Adityanath, on Thursday, said that the first runway of the under construction Noida International Airport in Jewar will be ready by the end of this year.

The Noida International Airport, BJP's 'pride project', will be the world's fourth and Asia's largest once completed.

While inaugurating a flight service from Lucknow to Varanasi, Yogi said, "Ayodhya's airport will be operational by November December this year. By the end of this year, the first runway of the Jewar airport will also be ready."

BJP MLA Dhirendra Singh said that its construction is going on at a "fast pace", adding that the airport will not just boost the economy of Greater Noida but the whole of UP. The construction work at the airport site is going on at a very fast pace. The sense of security and safety the government has provided in the area has led to problem-free execution of the construction.

# How Delhi services bill will change the power dynamics in the Capital

The Delhi services bill is heading to the President to turn into law after the Rajya Sabha voted in favour of it – 131 against 102 on Aug 7. The bill will introduce a sea change in the Capital; it gives the L-G, appointed by the Centre, control over Delhi's bureaucrats, a move vehemently opposed by the AAP.

Union Home Minister Amit Shah speaks on the Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Bill, 2023 amid sloganeering by Opposition MPs during the Monsoon session of Parliament, in New Delhi. Defending the legislation, he said in Rajya Sabha that it did not violate the Supreme Court judgment.

The bill, which was passed by the Lok Sabha last week, replaces an ordinance promulgated by the Centre for handling the transfers and postings of officials in the Delhi government.

To understand what exactly is the bill and how it will change Delhi's administration, one must first go back and see why such legislation was required.Always fighting with the Lieutenant Governor (L-G), who is nominated by the Centre, the AAP went to court on the matter and in May 2023, a five-judge constitution bench, headed by Chief Justice of



India DY Chandrachud, ruled that the legislature has control over bureaucrats in administration of services, except in areas outside the legislative powers of the National Capital Territory (NCT). There are three areas outside the control of Delhi government: public order, police and land. When introducing the bill, its statement of reasons states that it is being brought because as the capital, Delhi has a unique status. The Delhi services Bill states that the inquiries and suspensions of the officials of the national capital will be under the Centre's control. The Lieutenant Governor will be empowered to exercise his sole discretion on various matters, which will include the National Capital Civil Services Authority's recommendations and the prorogation, summoning, and dissolution of the Delhi Legislative Assembly.

It is important to note here that the Delhi services Bill is different from the ordinance that was passed earlier by the Centre. There are three significant changes:


**Removal of Section 3A**

The bill removes a provision in the ordinance that previously prevented the Delhi Assembly from making laws concerning 'State Public Services and State Public Service Commission'. Section 3A, which was added through an ordinance, said that the Delhi Assembly won't have the power to make laws related to services. This has now been taken out of the bill. Instead, the bill now concentrates on Article 239AA, which empowers the Centre to establish the National Capital Civil Service Authority (NCCSA).

**No Annual Report needed by NCCSA**

The bill establishes the National Capital Civil Services Authority (NCCSA) which will make recommendations to the L-G, who is appointed by the Union government. The NCCSA will include the chief minister who will serve as the chairperson, the principal home secretary of Delhi, who will serve as the member secretary and the chief secretary of Delhi, who will serve as member.

# आरटीई के तहत 3035 बच्चों का अब तक हुआ दाखिला



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क दाखिलों के तहत जिले में तीन चरण में ऑनलाइन लॉ-टरी के माध्यम से 5815 बालक व बालिकाओं को विद्यालय आवंटित किए गये। जिले में अब तक 3035 बच्चों का दाखिला कराया जा चुका है।

पूरे प्रदेश में बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अलाभित समूह और दुर्बल वर्ग समूह के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए योजना को लागू किया गया। अपर जिलाधिकारी नगर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर अधिकतम दाखिले कराये जाने की मुहिम जारी है।

अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह ने बताया कि उन दस स्कूलों के प्रबंधको को अपने कार्यालय में बुलाया गया जो आरटीई अधिनियम के तहत दाखिले नहीं ले रहे है। बैठक में डीपीएस मेरठ रोड, डीपीएस लोनी, ऐलन हाउस और इन्दिरापुरम पब्लिक स्कूल ने बैठक में प्रतिभाग किया। एडीएम गंभीर सिंह ने सभी स्कूलों द्वारा किये जा रहे दाखिलों की समीक्षा की। उन्होंने डीपीएस मेरठ रोड़ में 02 बच्चों, डीपीएस इन्दिरापुरम में 04 बच्चों, जीडी गोएनका में 02 बच्चों को, ऐलन हाऊस द्वारा 08 बच्चों को, उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स द्वारा 09 बच्चों को, इन्दिरापुरम पब्लिक स्कूल द्वारा 08 बच्चों का दाखिला लिया जा चुका है।

शेष बच्चों के दाखिले के किये जाने के लिए स्कूलों को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बैठक में अमेटी इन्टरनेशनल स्कूल-1 वसुन्धरा, के आर मंगलम स्कूल वैशाली, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल वसुन्धरा बैठक में अनुपस्थित रहें।

एडीएम गंभीर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में 3035 दाखिले कराये जा चुके है। शेष बच्चों के दाखिले के लिए जिला प्रशासन ने बीएसए के निर्देश दिया है। जल्द ही अन्य बच्चों का दाखिला कराया जाएगा।

# 'मेरी मांटी मेरा देश' के तहत वायुसेना के 52 जवानों को किया सम्मानित




**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर मेरी मांटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हिंडन स्थित एअरफोर्स स्टेशन के जवानों को सम्मानित किया गया। नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद की ओर से भोवापुर में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहल गांव में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके बाद पौधारोपण किया गया। हर घर तिरंगा यात्रा गांव के प्रवेश द्वार से अम्बेडकर भवन होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से होकर अमृत सरोवर पहुंची।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के उपनिदेशक देवेन्द्र कुमार ने कहा कि मेरी मांटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत मांटी को नमन और वीरों का वंदन किया जा रहा है। इस अवसर पर वायुसेना के 52 जवानों का एक दल स्क्वाड्रन लीडर ज्ञानेंद्र सिंह यादव और निकिता सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मुकन्द वल्लभ शर्मा ने कहा कि वायु सेना के जवानों का भोवापुर में स्वागत और सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वायु सेना के मास्टर वारंट आफिसर अनिल थामस के नेतृत्व में अमृत सरोवर पर पौधारोपा किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत 75 पौधे लगाए गए। एक किसान और एक जवान ने मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार प्रधान, सोहन लाल मास्टर, सचिन सोरन, प्राची पाल, पीएचसी इंचार्ज, ब्रह्म सिंह पूर्व प्रधान, हिमांशु, नितिन, हिमांशु, सुमित, वंश, नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष लालकुआँ नीरज यादव राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक तालिब, लेखा एवं प्रोग्राम सहायक फरमूद अख्तर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन नेहरू युवा मंडल भोवापुर के अध्यक्ष सचिन कुमार ने किया। अमृत सरोवर पर लगाए गए पौधों की देखभाल और खाद पानी की जिम्मेदारी गांव पंचायत भोवापुर की ओर से की जाएगी।




## इस बार 19 अगस्त को मनाई जाएगी हरियाली तीज

# सुहागिनों के लिए बेहद खास है हरियाली तीज

टीबीसी न्यूज

भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा कर पति की लंबी आयु और उनके सुखद जीवन एवं पुत्र प्राप्ति की कामना करने के लिए हरियाली तीज मनाया जाता है। इस बार 19 अगस्त को हरियाली तीज का त्योहार मनाया जाएगा। कहा जाता है कि इस दिन का व्रत रखने से महिलाओं को धैर्य, सम्मान, प्रेम और शक्ति की प्राप्ति होती है। यह व्रत सुहागिनों के बेहद खास होता है। हरियाली तीज सुहागिनों का महापर्व है. सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज पर विवाहिता 24 घंटे का निर्जला व्रत रखती है।



### हरियाली तीज का महत्व

हरियाली तीज का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, यह वह दिन है जब देवी ने शिव की तपस्या में 107 जन्म बिताने के बाद पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। इस व्रत को रखने से स्त्री के पति को लंबी उम्र का वरदान मिलता है। ये व्रत महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी मदद करता है। यह व्रत श्रद्धालु को मानसिक विकारों से निजात दिलाता है। इस दिन सुहागिन व्रत रखकर भगवान भोले की पूजा करती है। बाद ही महिलाएं एक साथ झूला झूलती है और सावन के गीत गाती हैं।

### क्या कहते हैं पंडित जी

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि हरियाली तीज नाम से स्पष्ट है यह तृतीया तिथि यानी तीज के दिन इस व्रत को रखा जाता है। इस बार 19 अगस्त को यह पड़ रहा है। जिसमें द्वितीय श्रावण शुक्ल में तीज का व्रत रखा जाएगा। इस तृतीया तिथि में सुहागिन माताएं, बहनें अपने दीघार्यु दाम्पत्य जीवन को लेकर व्रत रखती हैं. इसके अलावा कुंवारी कन्याएं सुंदर और अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस व्रत को रखती हैं और भगवान शंकर की पूजा अर्चना करती है।

### निर्जला व्रत करती हैं महिलाएं

इस व्रत को अपनी अपनी यथा शक्ति रखते हैं कोई निर्जला व्रत तो कोई फलाहारी व्रत रखती है। जैसे कि मां भगवती पार्वती जी ने भगवान भोलेनाथ को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अलग झ अलग तत्वों से उनका पूजा किया था। वैसे ही हमारे कुल परंपरा के अनुसार भगवान शिवजी का अभिषेक दूध, दही, गंगाजल, पंचामृत, घी, शहद, शक्कर इत्यादि से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर विशेष पूजन किया जाता है। माता पार्वती को निमित श्रृंगार सामग्री अर्पण कर इस व्रत को सम्पन्न किया जाता है।

### श्रृंगार का है महत्व

हरियाली तीज के दिन महिलाएं सजती-सवंरती हैं और श्रृंगार करती हैं। इस दिन श्रृंगार का खास महत्व है। तीज के दिन सुहागनों को 16 श्रृंगार करने का विधान है। कहते हैं कि अगर 16 श्रृंगार करना संभव न हो तो कम से कम तीन श्रृंगार तो जरूर करें। इसमें मेहंदी, चूड़ी और बिंदी शामिल है। कहते हैं कि हरियाली तीज के दिन श्रृंगार करने से माता पार्वती प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों पर आशीर्वाद बरसाती हैं।

## कोरोना से पत्नी की मौत का जिम्मेदार है अस्पताल, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

टीबीसी न्यूज

**नोएडा।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में स्थित एक नामचीन अस्पताल पर अदालत के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। कोरोना महामारी के दौर में यहां ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को दाखिल कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पति ने तब अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी। आखिर, उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अब कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर 126 में मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ईरोज संपूर्णम सोसाइटी में राजेश कुमार शर्मा रहते हैं। उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की थी। उसमें कहा गया था कि 12 अप्रैल 2021 की रात उन्होंने अपनी पत्नी समीक्षा को इलाज के लिए सेक्टर-128 के जेपी अस्पताल में भर्ती कराया था। भर्ती करने के बाद 24 घंटे के अंदर ही पत्नी को मृत घोषित कर दिया गया।

राजेश का आरोप है कि अस्पताल और डॉक्टर की लापरवाही की वजह से उसकी पत्नी की जान गई है। कोविड वार्ड में समीक्षा का इलाज इंटरनल मेडिसिन विभाग के डॉक्टर ज्ञानेंद्र अग्रवाल कर रहे थे। मरीज के परिवार वालों को वहां आने जाने की अनुमति नहीं थी।

समीक्षा बीमारी के कारण चल फिर नहीं पा रही थी। इसके बाद भी उसे बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के वॉशरूम भेजा गया। रास्ते में वह गिर गई थी। इलाज के दौरान उनको स्टेरॉयड दिया गया। उनका शुगर लेवल बढ़ने के बाद भी शुगर लेवल कम करने की दवा नहीं दी गई। आरोप है कि अस्पताल ने समीक्षा के शुगर मॉनिटरिंग की रिपोर्ट भी फर्जी तरीके से उनकी मौत के 5 महीने बाद तैयार की। पीड़ित ने अस्पताल में सीसीटीवी फुटेज मिटाने के भी आरोप लगाए हैं।

## लिफ्ट में फंसे बच्चे और बुजुर्ग, लिफ्ट तोड़कर 25 मिनट बाद बाहर निकाला



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** शहर में एक बार फिर लिफ्ट में फंसने का मामला सामने आया है। राजनगर एक्सटेंशन के चार्म्स कैसल सोसायटी के डी टावर में लिफ्ट में दो बच्चे और दो बुजुर्ग फंस गए। लगभग 25 मिनट तक फंसे रहने के बाद लिफ्ट तोड़कर बच्चों और बुजुर्गों को बाहर निकाला गया। सोसायटी के लोगों का आरोप है कि पिछले आठ माह से लिफ्ट की सर्विस नहीं हुई है, जबकि बिल्डर द्वारा मैंटीनेंस जार्ज समय से ले लिया जाता है।

चार्म्स कैसल सोसायटी के डी टावर की दसवीं मंजिल पर फ्लैट नंबर 1004 में रहने वाले बुजुर्ग लिफ्ट में सवार हुए इन्हें ग्राउंड फ्लोर पर जाना था। इसके बाद लिफ्ट छठे फ्लोर पर रुकी। वहां फ्लैट नंबर 604 में रहने वाले दो बच्चे प्लेग्राउंड पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हो गए। उनके साथ एक बुजुर्ग महिला भी लिफ्ट में सवार हो गई। इन सभी लोगों को ग्राउंड फ्लोर पर जाना था। लेकिन, लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर नहीं रुकी और माइनस टू के बेसमेंट में जाकर रुक गई। वहां तमाम कोशिशों के बाद भी लिफ्ट का दरवाजा नहीं खुला। मदद के लिए इंटरकॉम पर कॉल भी नहीं लग रही थी। उसके बाद लिफ्ट में बंद बुजुर्गों और बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। एक बुजुर्ग के पास फोन था, उनके फोन से घर में लिफ्ट में फंसे होने की जानकारी दी गई। तब सिक्योरिटी को बुलाकर लिफ्ट में फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की गई। इस दौरान अपने आपको फंसा देखकर बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ने लगी। लिफ्ट का गेट तोड़कर लकड़ी की सीढ़ी के जरिए बच्चों को बाहर निकाला गया।

सोसायटी में रहने वाले सत्यप्रकाश का कहना है कि बिल्डर द्वारा प्रत्येक माह मेन्टीनेंस चार्ज लिया जाता है। लेकिन, यहां लिफ्ट ऑपरेटर भी नहीं है। पिछले 8 माह से लिफ्ट की सर्विस भी नहीं हुई है। सोसायटी के लोग 21 अगस्त को बिल्डर के खिलाफ मैन्टीनेंस ऑफिस पर तालाबंदी करेंगे।

## हिंडन एयरपोर्ट से इसी महीने पंजाब के दो शहरों के लिए उड़ान

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से इसी महीने पंजाब के लुधियाना और बठिंडा के लिए विमान सेवा शुरू करने की तैयारी की जा रही है। फ्लाई बिग एयरलाइंस विमान कंपनी यह उड़ान सेवा शुरू करेगी। कंपनी ने एयरपोर्ट प्रबंधन को इस संबंध में सूचित कर दिया है। हालांकि, सेवा शुरू करने के लिए कोई तिथि एयरपोर्ट प्रबंधन को नहीं दी गयी है। फ्लाईबिग एयरलाइंस कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर हिंडन एयरपोर्ट को सूचीबद्ध करते हुए लुधियाना और बठिंडा के लिए विमान सेवा के जरिए दर्ज कर दिया है। हालांकि, अभी बुकिंग शुरू नहीं की गई है। कंपनी ने अपने सोशल मीडिया पर भी दोनों शहरों के लिए उड़ान शुरू




करने की घोषणा की है। पंजाब का बठिंडा शहर में एम्स और केंद्रीय विश्वविद्यालय है और दो धर्मल पावर प्लांट भी हैं। देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में से एक

लुधियाना देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में से एक है। यह शहर हौजरी उत्पादों के लिए देश के सबसे बड़े केंद्र में से है। दोनों शहर सीधे एनसीआर से वायुमार्ग के जरिए जुड़ने से लोगों को जल्द आवाजाही की सुविधा मिलेगी। कंपनी कितने सीटर विमान के साथ उड़ान शुरू करेगी, अभी इसकी सूचना नहीं दी गई है।

बीते छह महीने से हिंडन से किसी भी शहर के लिए उड़ान सेवा बंद है। वर्ष 2019 में हिंडन एयरपोर्ट शुरू होने के बाद से यहां से तीन शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू हुई। 11 अक्तूबर मार्च 2020 में कोरोना काल से पूर्व ही तकनीकी कारण की वजह से उड़ान सेवा बंद कर दी गई थी। पिथौरागढ़ के बाद स्टार एयर कंपनी ने हिंडन एयरपोर्ट से हुबली के लिए नवंबर 2019 से उड़ान शुरू की थी। वर्ष 2021 में कलबुर्गी के लिए भी उड़ान सेवा शुरू हुई। फिलहाल इन दोनों शहरों के लिए उ-ड़ान फरवरी से ही बंद है।

# मैं निकला गड्डी लेकर..

## फिल्म गदर-2 का प्रमोशन करने इंदिरापुरम पहुंचे सनी देओल और अमीषा पटेल






**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** फिल्म गदर ने भारत और दुनिया भर में गदर मचाई थी। इस फिल्म के डायलॉग और सन्नी देओल की भूमिका को काफी पसंद किया गया था। अब गदर-2 भी गदर मचाने के लिए तैयार है। फिल्म के प्रमोशन के लिए पूरी टीम रविवार को इंदिरापुरम के हैबिटेट सेंटर पहुंची। टीम में सनी देओल और अमीषा पटेल, निर्देशक अनिल शर्मा, गायक उदित नारायण भी थे। सनी देओल और अमीषा पटेल ने गाजियाबाद के हैबिटेट सेंटर में स्टेज परफॉर्मेंस दिया।

फिल्म गदर-2 के प्रमोशन के लिए आए अभिनेता सनी देओल और फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने बताया कि यह फिल्म पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 1972 में हुए संघर्ष की कहानी है। इस दौरान सनी देओल ने गदर फिल्म के डायलॉग बोलकर फैंस का दिल जीत लिया। उन्होंने और अमीषा ने 'उड़ जा काले कावां तेरे मुंह विच खंड पावां' गाने पर परफॉर्मेंस देकर फैंस की खूब तालियां बटोरीं।

इंदिरापुरम स्थित हैबिटेट सेंटर में फिल्म गदर-2 का प्रमोशन कार्यक्रम रखा गया था। फिल्म अभिनेता सनी देओल, अभिनेत्री अमीषा पटेल और फिल्म के अन्य कलाकार इंडिया हैबिटेट सेंटर पहुंचे। इस दौरान गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली के फैंस भी अपने चहेते फिल्मी सितारों को देखने के लिए उमड़ पड़े। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दूसरे जोन से भी पुलिस फोर्स और आला अधिकारी बुलाने पड़े।

शाम होते ही सनी देओल के फैंस की भीड़ हैबिटेट सेंटर में जुटना शुरू हो गई। इसे देखते हुए मौके पर तैनात डीसीपी ने अतिरिक्त फोर्स बुलाने का फैसला लिया। फिल्म प्रमोशन के लिए आए सनी देओल और अमीषा पटेल की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखाई दिए। जबकि काफी संख्या में लोगों को एंट्री नहीं मिलने के कारण निराश होना पड़ा। कार्यक्रम के कारण इंदिरापुरम में जाम लग गया।

# लोकसभा में उठा डीएमई पर छह लोगों की मौत का मामला



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रॉन्ग साइड बस दौड़ाने से हुई 6 लोगों की मौत का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठा। मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने नियम-377 के अंतर्गत परिवहन नियमों के उल्लंघन से होने वाले हादसों की तरफ सदन का ध्यान दिलाया।

सांसद ने कहा, 11 जुलाई 2023 को एक्सप्रेस-वे पर गलत दिशा से आ रही एक बस से हुई टक्कर के कारण कार सवार परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गई। आधुनिक तकनीक वाले इस एक्सप्रेस-वे पर बस चालक आठ किलोमीटर तक उलटी दिशा में बस दौड़ाता रहा, परन्तु ठलअक अथवा पुलिस किसी ने उसे नहीं रोका। सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा, एक्सेस कंट्रोल वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर गलत दिशा में बस कैसे चढ़ गई? इस बस के चालक का कुल 15 बार तथा गलत दिशा में बस चलाने के कारण 3 बार चालान हो चुका था। नियमों की निरंतर अवहेलना करने वाले इस बस चालक का लाइसेंस रद्द क्यों नहीं हुआ? स्कूल बस के नाम से चलने वाली यह सामान्य बस क्यों सीज नहीं हो पाई? इस प्रकार के अनेक प्रश्न इस दुर्घटना के कारण खड़े हो रहे हैं। सांसद ने सभापति के माध्यम से सरकार से अनुरोध किया कि उपरोक्त घटना की विस्तृत जांच कराकर दोषी व्यक्ति अथवा एजेंसी को दंडित किया जाए। पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजा दिलाया जाये और ये सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी किसी दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो। 11 जुलाई की सुबह करीब 6 बजे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गाजियाबाद में हादसा हुआ। दिल्ली की तरफ से आ रही रॉन्ग साइड बस ने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी।

इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई और 2 गंभीर घायल हो गए। ये सभी लोग खाटू श्याम दर्शन करने के लिए जा रहे थे। हादसा करने वाली बस गाजीपुर में उठाकर भरवाने के बाद रॉन्ग साइड से ही एक्सप्रेस-वे पर चढ़ गई और करीब 8 किलोमीटर दूर चलने के बाद ये हादसा हो गया था। पुलिस ने इस मामले में ड्राइवर और बस के मालिक को गिरफ्तार किया है।

# 450 करोड़ रुपए से होगा गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण







**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** अमृत स्टेशन योजना के तहत गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 6 अगस्त, 2023 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 55 स्टेशनों को शामिल किया गया है। इसके तहत सभी स्टेशनों में विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएगी। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के विकास में 450 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले नौ वर्षों के दौरान रेलवे के विकास में किए गए कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में साउथ अफ्रीका, यूक्रेन, स्वीडन, यूके जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है भारत ने अकेले 9 साल में रेल ट्रैक बनाए हैं। देश का लक्ष्य है कि सुलभ और सुखद यात्रा हो। प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए अच्छे वेटिंग रूम बनाए जा रहे हैं। हजारों स्टेशन पर मुफ्त इंटरनेट उपलब्ध होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा भारत अपने अमृत काल के प्रारंभ में है। एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। 1300 रेलवे स्टेशनों में से 508 अमृत भारत स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। इस पर 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 30 साल में पहली बार देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। दुनियाभर में भारत की साख बढ़ी है। आज पूरी दुनिया की दृष्टि भारत पर है, वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी। दुनिया का रवैया बदला, इसकी दो मुख्य वजहें हैं। पहली यह कि भारत के लोगों ने तीन दशक बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। पूर्ण बहुमत की सरकार ने उसकी स्पष्टता के साथ बड़े-बड़े निर्णय लिए।

मोदी ने कहा कि हमारे शहरों की पहचान भी शहर के रेलवे स्टेशन से जुड़ी होती है। देशी विदेशी कोई भी पर्यटक इन स्टेशन पर पहुंचेगा तो आपके शहर की पहली तस्वीर अच्छी बनेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर भी हमला बोला और कहा कि विपक्ष पुराने ढर्रे पर अड़ा हुआ है। न खुद कुछ करेंगे न कुछ करने देंगे। पीएम ने कहा कि विपक्ष ने संसद के नए भवन का विरोध किया, 70 साल में शहीदों के लिए एक वॉर मेमोरियल तक नहीं किया, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में नहीं गए। उन्होंने कहा कि आज तक सरदार साहब के स्टेच्यू के सामने जाकर नमन नहीं किया। हम पार्टी से ऊपर उठकर विकास के लिए काम कर रहे हैं और डेढ़ लाख से ज्यादा युवाओं को रेलवे में नौकरी मिली है। रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह ने कहा कि गाजियाबाद रेलवे स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें हर तरह की सुविधाएं होंगी। मल्टी लेवेल पार्किंग के अलावा स्टेशन बिल्डिंग में शॉपिंग मॉल होगा। माल गाड़ियों और पैसेंजर ट्रेनों की संख्या को देखते हुए प्लेट फार्मो की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, विधायक व मेयर उपस्थित थी।

# रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सैफ्रोन और इंदिरापुरम गैलोर ने आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग किया टीबी मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स का वितरण










**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से साहिबाबाद स्थित ईएसआईसी अस्पताल में टीबी के मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स का वितरण किया। इस कार्य में रोटरेक्ट क्लब ऑफ जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस इंदिरापुरम, इंटरैक्ट क्लब ऑफ जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, इंदिरापुरम और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति, वसुंधरा ने सहयोग किया। आरएचएएम ने 300 टीबी मरीजों को गोद लिया है। इनमें से 75 मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स दिए गए। बाकी मरीजों को बुधवार को न्यूट्रीशन फूड्स दिए जाएंगे।

मुख्य अतिथि रोटरी क्लब 3012 की डीजी 2025-26 अमिता महेंद्रू, एकेएस और विशिष्ट अतिथि रोटेरियन रवि बाली ने टीबी के मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स का वितरण किया। इस मौके पर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में रोटेरियन नरेश ढींगरा और रोटेरियन संदीप मिगलानी भी उपस्थित थे।

आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि केंद्र सरकार के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गाजियाबाद से टीबी रोग को खत्म करने का संकल्प लिया गया है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के तहत रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने 300 टीबी मरीजों को गोद लिया है। इनके स्वास्थ्य की देखरेख अलग-अलग रोटरी क्लब की ओर से की जा रही है। अब तक कई टीबी रोगियों की मदद की जा चुकी है।

इस मौके पर आरएचएएम के सचिव दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर अंजलि बावा, रोटेरियन दीपाली गुप्ता, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड के अध्यक्ष यतिंदर कालरा, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष पूजा जैन के साथ कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.